कछवां क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

मिर्जापुर में कारोबारी से दो लाख के जेवरात लूटे

दुस्साहस

मिर्जापुर, संवाददाता। कछवां क्षेत्र में रविवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने स्वर्ण कारोबारी से मारपीट कर दो लाख के आभूषण लूट लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित कारोबारी दुकान बंद कर घर लौट रहा था।

कछवां निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व नामित सभासद राजन केसरी के भाई अजय केसरी की जलालपुर में आभूषण की दुकान है। वह रविवार रात लगभग साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। धन्नूपुर गांव के पास पीछे से एक बाइक पर आए तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक दिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान बदमाश बाइक के हैंडल में टंगा बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित अजय ने बताया कि बैग में लगभग दो लाख रुपये के आभूषण थे। सीओ सदर सदानंद सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में लगी है।

भदोही में खिड़की का ग्रिल काटकर लाखों की चोरी

गोपीगंज। नगर के वार्ड नंबर तीन शिवनगर कॉलोनी स्थित बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। मुख्य गेट का ताला कटर से काटने के बाद खिड़की की लोहे की ग्रिल काटा। घर में प्रवेश कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, ढ़ाई लाख नकद समेत लाखों का माल पार कर दिया। वार्ड निवासी विजय कुमार गुप्ता रक्षा मंत्रालय में इंजीनियर पद पर कार्यरत थे। बताया कि 25 जून को परिवार सहित वाराणसी में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रविवार 11 बजे रिश्तेदार ने फोन कर घर का मुख्य ताला टूटा होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर देखा कि मुख्य गेट का ताला कटर से काटा गया था और खिड़की की ग्रिल काटकर चोर अंदर घुसे थे।

सड़क किनारे खड़े ट्रक में भिड़ी कार, दंपति की मौत

ड्रमंडगंज (मिर्जापुर), हिन्दुस्तान संवाद। ड्रमंडगंज क्षेत्र में खड़े ट्रक में एक कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपति की मौत हो गई, जबकि कार सवार दो बच्चों समेत छह लोग जख्मी हो गए। कार में सवार परिवार वाराणसी से दर्शन-पूजन कर मध्य प्रदेश अपने घर लौट रहा था।

मध्य प्रदेश के कटनी जिले के बरही गांव निवासी 35 वर्षीय विकास ताम्रकार अपने परिवार और रिश्तेदारों संग कार से शनिवार को वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने गए थे। दर्शन-पूजन के बाद देर रात वाराणसी से घर जाने के लिए सब कर से रवाना हुए। शनिवार रात लगभग दो बजे ड्रमंडगंज के लहुरियादह गांव के पास चालक के झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक में घुसी कार को बाहर निकाला। हादसे में विकास ताम्रकार और उनकी पत्नी 31 वर्षीया सोनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत छह लोग घायल हो गए।

मिर्जापुर में ट्रक में पीछे से टक्कर मारने के बाद क्षतिग्रस्त कार।

प्रेमिका के लिए टावर पर चढ़ गया युवक

गड़वार (बलिया)। प्रेमिका से मिलने पहुंचा युवक परिजनों के विरोध के बाद बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। पुलिस के प्रयास से लड़की तथा उसके परिजन के पहुंचने पर करीब आधे घंटे बाद नीचे उतरा। थाने में बातचीत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

पुलिस के अनुसार, गोंडा जिले के धानेपुर क्षेत्र के विरतियन निवासी 20 वर्षीय आकाश शुक्ल की जान-पहचान बलिया की एक युवती से इंस्टाग्राम पर हुई थी।

आसपास 30s

मालगाड़ी से कटकर युवती की गई जान

सादात (गाजीपुर)। बुढ़नपुर में रविवार को 23 वर्षीय युवती अंजू कुमारी की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। पिता रविन्द्र राम ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार थी। उसका काफी समय से वाराणसी के दीनदयाल अस्पताल से इलाज चल रहा था। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। मां तारा देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

इनामी के फरार होने पर मुंशी समेत तीन सस्पेंड

बलिया। सुखपुरा थाने से फरार इनामी के मामले में एसपी ने मुंशी समेत तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। साथ ही मामले की जांच एएसपी दक्षिणी संजय वर्मा को सौंप दी है। एसपी ओमवीर सिंह ने सुखपुरा थाने के मुंशी वीरेंद्र वर्मा तथा नगर कोतवाली की पीआरवी पर तैनात सिपाही भरत चौरसिया और सुनील यादव को निलंबित कर दिया।

कार्यालय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर

भविष्य निधि भवन, सिविल लाइन्स, गोरखपुर

विज्ञप्ति

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर द्वारा अपने सभी हितधारकों यथाः भविष्य निधि सदस्यों/नियोक्ताओं/पेंशनरों की समस्याओं एवं शिकायतों के निदान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर के परिक्षेत्र में आने जाने वाले समस्त 12 जिलों में दिनांक 29.06.2026 को प्रातः 09:00 बजे से **''निधि आपके निकट कार्यक्रम''** का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भविष्य निधि सदस्य/नियोक्ता/पेंशनर अपनी समस्या से सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र अद्यतन करने के साथ-साथ उन्हें मोबाइल के द्वारा Face Authentication App के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र अद्यतन करने हेतु जागरूक किया जायेगा साथ ही भविष्य निधि सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से ई-नामिनेशन (E-Nomination) करने की प्रक्रिया को समझाया जायेगा। कार्यक्रम स्थल का विवरण निम्न प्रकार है-

जिले का नाम	निधि आपके निकट 2.0 का कार्यक्रम स्थल
बहराइच	लीजर रिसोर्ट, बहराइच।
बलिया	डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी,नेशनल रूरल हेल्थ मिशन, बलिया।
बलरामपुर	तुलसीपुर सुगर कंपरी लिमिटेड,बलरामपुर।
बस्ती	सुयश पेपर मिल, बस्ती।
देवरिया	यू.पी.एस.आर.टी.सी., देवरिया।
गोंडा	चिन्मय ग्रामोदय शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज, गोंडा।
गोरखपुर	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर।
कुशीनगर	त्रिवेणी इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कुशीनगर।
महाराजगंज	डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी, नेशनल रूरल हेल्थ मिशन, महराजगंज।
संतकबीर नगर	डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटी, नेशनल रूरल हेल्थ मिशन, संतकबीरनगर।
श्रावस्ती	बेसिक शिक्षा विभाग, श्रावस्ती।
सिद्धार्थनगर	नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थननर।

पत्रांकः 7059/ क.भ.नि.सं./क्षे.का./गो./प्रशा.-II/
दिनांक 25.06.2026

(अभिषेक कुमार मिश्र)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/कार्यालय प्रभारी

विवाह के दस दिन बाद युवती की मौत

महराजगंज (आजमगढ़)। हूंसेपुर भरौली गांव में प्रेम विवाह के 10 दिन बाद एक विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। युवती के पिता ने पति समेत तीन लोगों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आंबेडकरनगर जनपद के जैतपुर क्षेत्र के किशुनपुर कपिराह (अभईपुर) गांव निवासी देवतादीन की 21 वर्षीय पुत्री रोली की इंस्टाग्राम पर हूंसेपुर भरौली गांव निवासी काजल पुत्री सुभाष से दोस्ती हुई थी। बाद में दोनों में प्रेम संबंध हो गया। दोनों ने प्रेम विवाह किया। दस दिन बाद ही युवती की संदिग्ध हाल में मौत हो गई।

राजस्व और पुलिस टीम पर हमले में सात धराए

नियामताबाद (चंदौली), हिन्दुस्तान संवाद। मुगलसराय क्षेत्र में शनिवार को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। हाईकोर्ट के आदेश पर संयुक्त टीम जमीन का सीमांकन करने कबीरपुर गांव गई थी।

कबीरपुर निवासिनी मंतरा देवी की भूमिधरी जमीन गांव में है। इसके पास ही गांव के पप्पू सोनकर का भी मकान है। कुछ माह पूर्व राजस्व विभाग की टीम ने जमीन का सीमांकन किया था, लेकिन दूसरे पक्ष ने मानने से इनकार कर दिया। साथ ही सीमांकन में लगाए गए पत्थरों को उखाड़ दिया था। इस पर मंतरा देवी ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने चार हफ्ते के अंदर जमीन का सीमांकन करने का निर्देश राजस्व विभाग को दिया था। अदालत के आदेश के अनुपालन कराने पहुंची टीम पर ईंट-पत्थर से हमला किया गया था। इस हमले में महिला पुलिसकर्मी दिव्या कनौजिया, अंशिका और रिंशु घायल हो गई थीं। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी सतीश सोनकर, शिवम, सन्नी, सुशील, गीता, नगीना और सोनी को गिरफ्तार किया गया।

एनटीपीसी NTPC एन टी पी सी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

एनटीपीसी – विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट से निःशुल्क, 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर पोंड ऐश उठाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रण – वित्तीय वर्ष–2026–27

ईओआई सं. वीएसटीपीएस/पोंड ऐश/2026–27/01 **दिनांकः 29.06.2026**

एनटीपीसी–विंध्याचल 'निःशुल्क', 'पहले आओ, पहले पाओ' तथा **'जैसा है जहाँ है'** के आधार पर एक वर्ष की अवधि हेतु सिंगरौली जिला, विंध्यानगर, मध्य प्रदेश – 486885 में स्थित **एनटीपीसी–विंध्याचल सुपर थर्मल पावर प्लांट** से पोंड ऐश उठाने के लिए इच्छुक ऐश उपयोगकर्ताओं से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करती है। ऐश उठाने एवं उसके परिवहन का उत्तरदायित्व इच्छुक ऐश उपयोगकर्ता का होगा।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी आवश्यकता(एं) निर्दिष्ट मानक प्रारूप में **rahulverma@ntpc.co.in/smpandey@ntpc.co.in** पर दिनांक **09.07.2026** को **18:00 बजे** तक प्रस्तुत करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया **9426125018** अथवा **9650997385** पर संपर्क करें।

रुचि की अभिव्यक्ति हेतु **'सामान्य जानकारी'** तथा **'आवेदन हेतु मानक प्रारूप' www.ntpctender.ntpc.co.in** पर अपलोड किए गए हैं।

पंजीकृत कार्यालयः एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.
www.ntpc.co.in, सीआईएनः L40101DL1975GOI007966

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

चंदा चोरी मामले की निष्पक्ष जांच कराएं : शिवपाल यादव

- वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव में अखिलेश के नेतृत्व में बनेगी सपा सरकार

आजमगढ़, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के चंदे में चोरी का मामला गंभीर है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा अधर्म क्या हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक इस मामले में केवल छोटे लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि सत्ता पक्ष से जुड़े बड़े लोगों को बचाया जा रहा है।

शिवपाल सिंह यादव रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर के सिधारी मोहल्ला स्थित पूर्व मंत्री चंद्रदेव राम यादव की पुत्री के विवाह समारोह में आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सपा इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करती है। बिना किसी दल का नाम लिए उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग बड़े आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें बचाने में लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता ने ऐसे लोगों को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है। उनका कहना था कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में फिर सपा सरकार बनेगी। लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुई आग लगने की घटना पर उन्होंने कहा कि यह हादसा कहीं न कहीं बड़ी लापरवाही का परिणाम है और इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। वहीं, ओम प्रकाश राजभर के सपा में बड़ी टूट होने संबंधी बयान पर उन्होंने टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि इस विषय पर उनका कुछ कहना उचित नहीं होगा। इस अवसर पर सांसद धर्मेंद्र यादव, दरोगा प्रसाद सरोज, सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव आदि रहे।

पूर्व विधायक की हत्या के बाद हुए बवाल में दो मुकदमे वापस

- 19 जुलाई 2013 को जीयनपुर में हुई थी पूर्व विधायक की हत्या

सगड़ी (आजमगढ़) हिन्दुस्तान संवाद। वर्ष 2013 में पूर्व विधायक सर्वेश सिंह 'सीपू' की हत्या के बाद जीयनपुर कस्बे में हुए बवाल के दौरान दर्ज दो आपराधिक मुकदमों को न्यायालय ने समाप्त कर दिया है। शासन की सिफारिश पर अभियोजन विभाग की ओर से मुकदमे वापस लेने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद दीवानी न्यायालय स्थित फास्ट ट्रैक सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने शनिवार को दोनों मुकदमे समाप्त करने का आदेश दिया।

19 जुलाई 2013 को पूर्व विधायक सर्वेश सिंह 'सीपू' की हत्या के बाद जीयनपुर में हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। इसके बाद जीयनपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। इनमें एक मुकदमा तत्कालीन थाना प्रभारी विजय सिंह की तहरीर पर तथा दूसरा पीएसी रामनगर के वाहन चालक की तहरीर पर दर्ज हुआ था। पुलिस ने दोनों मामलों में लूट, डकैती, आगजनी, हत्या के प्रयास, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा सेवन क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की थी। एक मामले में 42 और दूसरे में 21 लोगों को आरोपित बनाया गया था। क्षेत्रीय लोगों का आरोप था कि मुकदमों में कई ऐसे लोगों को भी नामजद कर दिया गया था, जिनका घटना से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। इसे लेकर लंबे समय से क्षेत्र में नाराजगी बनी हुई थी।

चेकडैम में मगरमच्छ के 40 बच्चे-अंडे मिले, नदी में छोड़ा

- ग्रामीणों ने मगरमच्छ के बच्चों को देख वन विभाग को दी थी सूचना

सोनभद्र, संवाददाता। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के सेमिया गांव के छितीरपुरवा टोला में स्थित चेकडैम में रविवार को करीब 35 की संख्या में मगरमच्छ के छोटे-छोटे बच्चे पाए गए। साथ में पांच अंडे भी मिले हैं। वन विभाग के कर्मचारियों और पीआरबी पुलिस ने स्थानीय मल्लाहों के सहयोग से मगरमच्छ के बच्चों रेस्क्यू कर सोन नदी में छोड़ा।

घोरावल कोतवाली क्षेत्र के जुगैल वन रेंज के सेमिया गांव के छितीरपुरवा में एक चेकडैम रविवार सुबह ग्रामीणों ने पानी में मगरमच्छ के दो छोटे-छोटे बच्चे देखें। ग्रामीण जब पानी पास गए तो और भी मगरमच्छ के बच्चे दिखाई दिए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस और जुगैल वन रेंज को दी। सूचना पर वन दारोगा अविनाश सिंह, वन्य जीव रक्षक सौरभ उपाध्याय और पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने मल्लाहों के सहयोग से वन कर्मियों ने सभी मगरमच्छों के बच्चों रेस्क्यू कर पकड़ा। इसके बाद सभी को बोरियों में भर कर पास के सोन नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। इस संबंध में जुगैल वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि करीब 35 मगरमच्छ के छोटे बच्चे सेमिया गांव के छितीरपुरवा में चेकडैम में पाए गए। अनुमान है कि चेकडैम में कुछ नर और मादा मगरमच्छ प्रजनन के दौरान आए होंगे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी

सी0 7/29 ए-2 सेनपुरा (फायर ब्रिगेड कैम्पस के अन्दर) चेतगंज, वाराणसी

पत्रांक 354/ल0सि0/ लेखा/ निविदा सूचना/2026-27 दिनांक 22-6-2026

ई0 निविदा सूचना सं0-13/2026-27 (बजट/स्थल/कार्य अनुमोदन स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी अन्तर्गत जनपद/उपखण्ड चन्दौली में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत नये ब्लास्ट कूप का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से ब्लास्ट कूप निर्माण/चेकडैम/तालाब निर्माण कार्यों हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिचाई विभाग, उ0प्र0, में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरुद्ध कोई जांच लम्बित न हो से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03–07–2026 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांक 13–7–2026 को सांयकाल 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 14–7–2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, प्रयागराज के कार्यालय में उनकी अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 14–7–2026 को पूर्वाहन् 12:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

क्र सं	जनपद	कार्य का नाम	श्रेणी	विकास खण्ड	कार्य की मात्रा	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करो सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	चन्दौली	श्री राजनाथ पुत्र प्रभू नरायन ग्राम पड़हवा	सामान्य	नौगढ़	बिल आफ क्वांटीटी के अनुसार	8.33	0.83	770.00	181 दिन
2		श्री कान्ता पुत्र बच्चन ग्राम बजरडीहा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
3		श्री सुदामा सिंह पुत्र शंकर सिंह ग्राम बटौआ	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
4		श्री कैलाश पुत्र विश्वनाथ ग्राम लौआरी कला	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
5		श्री मोलई पुत्र तपेश्वरी ग्राम चिकनी	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
6		श्री जगदीश पुत्र राजरूप ग्राम गढ़वा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
7		श्री शिवकुमार पुत्र लालजी ग्राम ठठवां	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
8		श्रीमती रूक्मीना देवी पत्नी राजवंश सिंह ग्राम बटौआ	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
9		श्रीमती सत्यभामा पटेल पत्नी अवधेश सिंह ग्राम डकही।	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
10		श्री रामसेवक पुत्र सुक्खन ग्राम गहिला	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
11		श्री हाफिज खां पुत्र समी खां ग्राम बरवाडीह	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
12		श्री राजेन्द्र पुत्र मोरिक ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
13		श्री झकड़ी पुत्र महादेव ग्राम बटौआ	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
14		श्रीमती पतिया पत्नी स्व0 जोखू ग्राम बैरगाढ़	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
15		श्री शिवनाथ यादव पुत्र राज नारायन यादव ग्राम मलेवर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
16		श्रीमती लखपति पत्नी सुभाष ग्राम मलेवर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
17		श्री नरसिंह पुत्र बन्धन ग्राम मरवटिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
18		श्री शिववचन पुत्र जगरनाथ ग्राम होरिला	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
19		श्री राम हरख पुत्र बैजनाथ ग्राम परसहवा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
20		श्री चन्द्रकेश सिंह पुत्र राम लखन सिंह ग्राम मरवटिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
21		श्री चन्द्रमा पुत्र छेदी ग्राम मरवटिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
22		श्री राम नरेश पुत्र शिव प्रसाद ग्राम बाघी	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
23		श्री राम मूरत पुत्र रूपा ग्राम बैरगाढ़	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
24		श्री राज कुमार पाल पुत्र महादेव ग्राम बरवाडीह	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
25		श्री शान्ता पुत्र कैलाश ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
26		श्री जसवन्त पुत्र कैलाश ग्राम काशीपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
27		श्री अलख निरन्जन पुत्र रामरूचि ग्राम लक्षमनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
28		श्रीमती सहमदी पत्नी समसुद्दीन ग्राम भटवाडीह	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
29		श्रीमती सूरसती देवी पत्नी रामनाथ ग्राम जमसोत	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
30		श्री परमेश्वर अवस्थी पुत्र सहदेव ग्राम पचकेड़िया।	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
31		श्री केदारनाथ पुत्र खुनखुन प्रसाद ग्राम जलजलवा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
32		श्री रामकेश यादव पुत्र स्व0 राम सुन्दर ग्राम टिकुरिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
33		श्री उमाशन्कर पुत्र छोटक ग्राम अमदहां चरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
34		श्री राधे श्याम सिंह पुत्र स्व0 कुबेर सिंह ग्राम अमदहांचरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
35		श्री चन्द्रिका पुत्र शिवमन्दिर ग्राम बटौआ	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
36		श्री गया पुत्र बद्री ग्राम अमदहांचरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
37		श्री विजय कुमार पुत्र राम प्रसाद ग्राम बजरडीहा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
38		श्री सुक्खू पुत्र कतवारू ग्राम भरदूरा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
39		श्री गुप्तेश्वर अवस्थी पुत्र सत्य नरायन अवस्थी ग्राम पचकेड़िया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
40		श्री राम अनुज अवस्थी पुत्र तारकेश्वर अवस्थी ग्राम पचकेड़िया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
41		श्री रंजीत कुमार केशरी पुत्र राम प्यारी केशरी ग्राम अमदहांचरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
42		श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी मेघनाथ ग्राम जरहर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
43		श्री राजाराम पुत्र गणेश ग्राम पड़हवा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
44		श्री राम दुलारे सिंह पुत्र मधूरी ग्राम गोलाबाद	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
45		श्री रामनिहोर पुत्र मंगरू ग्राम रिठिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
46		श्री नरेश पुत्र गोविन्द ग्राम अमदहांचरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
47		श्री मो0 राजा पुत्र कुर्बान ग्राम बरबसपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
48		श्री बिहारी पुत्र गोपाल ग्राम मरवटिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
49		श्री राम सेवक पुत्र सुकालू ग्राम लक्ष्मनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
50		श्री रामहरख पुत्र सूमेर ग्राम बैरगाढ़	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
51		श्री उदल पुत्र रामधनी ग्राम चिकनी	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
52		श्री राम विलास पुत्र डंगर ग्राम बैरगाढ़	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
53		श्री राम मनोहर पुत्र इन्द्रमल ग्राम बैरगाढ़	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
54		श्री अशोक पुत्र घुरहू ग्राम कोल्हड़िया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
55		श्री भोला पुत्र सरजू ग्राम कोल्हड़िया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
56		श्री शिव मूरत पुत्र सरजू ग्राम कोल्हड़िया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
57		श्री राम दूलारे पुत्र राम नरायन ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
58		श्री रामकेर पुत्र छेदी ग्राम पड़हवा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
59		श्री मोती यादव पुत्र दीप नरायन ग्राम बोदलपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
60		श्री अवधेश कुमार पुत्र लल्लन सिंह ग्राम चकरघट्टा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
61		श्री चन्द्रबली पुत्र रामलोचन ग्राम मरवटिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
62		श्री शम्भूनाथ पुत्र जवाहिर प्रसाद ग्राम बजरडीहा	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
63		श्री लालबहादुर पुत्र सत्यनरायन ग्राम गंगापुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
64		श्री राजकुमार पुत्र हरगेन ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
65		श्री इरसाद पुत्र नूर मोहम्मद ग्राम भटवाडीह	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
66		श्री राजेश कुमार यादव पुत्र रामलाल यादव ग्राम बटौआ	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
67		श्री रामसेवक पुत्र झूरी ग्राम देवखत	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
68		श्री मदनमोहन पुत्र रामलाल ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
69		श्री बुद्धू पुत्र बोदर ग्राम सेमरासाधोपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
70		श्री लालमनी पुत्र रामधनी ग्राम अमदहां चरनपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
71		श्री शारदा प्रसाद दूबे पुत्र राम सागर दूबे ग्राम गोलाबाद	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
72		श्री शंकर पुत्र राज बहादूर ग्राम काशीपुर	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
73		श्रीमती सोनमती पत्नी विजेन्द्र ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
74		श्री राजवंश सिंह पुत्र मुकटधारी सिंह ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
75		श्री गजाधार पुत्र रामधनी ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
76		श्री हरगेन पुत्र विश्वनाथ ग्राम गहिला	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
77		श्री सूदामा पुत्र बच्चाऊ ग्राम गोलाबाद	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
78		श्री श्याम सुन्दर पुत्र रामबली ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
79		श्री गणेश पुत्र जीतनरायन ग्राम पड़रिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
80		श्री शमशेर बहादूर ग्राम मुकुटधारी सिंह ग्राम केसार	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
81		श्री हिरदू पुत्र रामदास ग्राम चिकनी	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
82		श्री लालब्रत पुत्र सोमारूप ग्राम चिकनी	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
83		श्री बुद्धिराम पुत्र तेपश्वरी राम ग्राम मलेवर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
84		श्री लालमनी पुत्र सुद्धू ग्राम पण्डी	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
85		श्री विक्रम पुत्र सूद्धू ग्राम पण्डी	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
86		श्री निर्मल पुत्र झनकू ग्राम लेड़हा कला	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
87		श्री हीरालाल पुत्र रघुवीर ग्राम लेड़हाकला	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
88		श्री राम विलास पुत्र शोभनाथ ग्राम होरिला	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
89		श्री रमेश कुमार अम्बेडकर पुत्र बच्चा लाल ग्राम झुमरिया	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
90		श्री राजनाथ पुत्र रमाशंकर ग्राम लौवारीखुर्द	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
91		श्री सुशीला पुत्र जयराम ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
92		श्री सीता राम पुत्र जानकीराम ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
93		श्री रामधारी पुत्र रामलखन ग्राम लक्ष्मनपुर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
94		श्री जय सिंह पुत्र जगनरायन ग्राम लक्ष्मनपुर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
95		श्री गुलाब पुत्र रामधारी ग्राम भटवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
96		श्री मोती लाल पुत्र वंशी ग्राम तेन्दुआ	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
97		श्री प्यारे पुत्र भुलेट ग्राम चिकनी	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
98		श्री रामलाल पुत्र डंगर ग्राम धनकुआंरीकला	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
99		श्री श्याम सुन्दर पुत्र रामबचन ग्राम जमसोत	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
100		श्री हरिवंश पुत्र जयराम ग्राम भटवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
101		श्री अरविन्द पुत्र स्व0 बहादुर ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
102		श्रीमती सोनम पत्नी सुरेन्द्र ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
103		श्री लालमनी पुत्र कमल ग्राम बैरगाढ़	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
104		श्रीमती बसन्ती पत्नी राम दुलारे ग्राम बटौआ	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
105		श्री रामचन्दर पुत्र जानकी ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
106		श्री चन्दल पुत्र रामा ग्राम टिकुरिया	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
107		श्री सत्यदेव राम पु राधेश्याम राम ग्राम बरवाडीह	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
108		श्रीमती मुनिया पत्नी दीना ग्राम जमसोत	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
109		श्री राम केवल पुत्र रघुनाथ ग्राम मलेवर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
110		श्री मुन्नू पुत्र सहदेव ग्राम झरिया उर्फ हरिबांध	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
111		श्री हरगेन पुत्र मुराहू ग्राम पथरौर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
112		श्रीमती अशर्फी पत्नी मनोहर ग्राम मलेवर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
113		श्रीमती लालमनी पत्नी बचनू ग्राम सेमरासाधोपुर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
114		श्री राज कुमार सिंह पुत्र नरायन सिंह ग्राम सेमरासाधोपुर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
115		श्री राम जतन पुत्र जवाहिर ग्राम पथरौर	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	181 दिन
नीचे क्रमांक 116 से 127 तक के कार्य अतिरिक्त कार्य है। धन उपलब्धता के अनुसार ही इन कार्यों पर अनुबन्ध गठन किया जायेगा									
116		श्री रामजनम पुत्र पहरू ग्राम मंगरही	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
117		श्री मोतीलाल पुत्र सीताराम ग्राम टिकुरिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
118		श्री सुरेश सिंह पुत्र मुरारी ग्राम लोहसनिया	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
119		श्री कमला पुत्र गोपाल सिंह ग्राम मझगाई	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
120		श्री भरत पुत्र मुरारी ग्राम मझगांई	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
121		श्री सर्वजीत सिंह पुत्र रूद्रमणि सिंह ग्राम मझगाईं	सामान्य	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
122		श्री जय प्रकाश पुत्र राम जनम ग्राम लोलरचुआं	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
123		श्रीमती दुर्गावाती पत्नी हीरालाल ग्राम केसार	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
124		श्री राम निवास पत्र बुद्धू ग्राम नोनवट	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
125		श्री राम प्यारे पुत्र लल्लन ग्राम जमसोत	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
126		श्री शम्भू पुत्र भग्गन ग्राम जमसोत	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–
127		श्री मुन्ना पुत्र रामाधार ग्राम नोनवाट	अनु0जाति	नौगढ़		8.33	0.83	770.00	–

नोट– निविदा के नियम एवं शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03–07–2026 को प्रातः 9.00 बजे से डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, वाराणसी

UP-253097, Dt. 27.06.2026, Website : www.upgov.nic.in